जनता ने बदलाव की राजनीति का शंखनाद कर दिया है, यह वक्तव्य दतिया की जनता के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दिया है। लेकिन देखा जाए तो यह देशव्यापी स्तर पर भी सटीक बैठ रहा है। मध्यप्रदेश, गुजरात और बिहार तीनों भाजपाशासित राज्यों में एक-एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुए, जिनमें भाजपा केवल गुजरात की सीट बचा पाई, जबकि मध्यप्रदेश और बिहार में उसे बड़ा झटका मिला है। इन सीटों की हार या जीत से मध्यप्रदेश, गुजरात या बिहार की मौजूदा सत्ता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन ये नतीजे राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माने जा रहे हैं। भाजपा को तीनों सीटों पर अपनी जीत का इतना यकीन था कि उसने पहले से मिठाई बंटवाने का इंतजाम कर लिया था। बिहार की बांकीपुर सीट पर जीत का जश्न मनाने के लिए दो सौ किलो लड्डू बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तैर रहा है। अब जीत के लिए बने इन लड्डुओं को विजेता बन कर उभरे प्रशांत किशोर के साथ क्या भाजपा साझा करेगी, ये उलझाने वाला सवाल बिहार में खड़ा हो चुका है। माफी दरअसल बांकीपुर पर हार या जीत को केवल जनादेश कहकर इसका विश्लेषण खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि इस सीट पर ढेर सारे किंतु-परंतु चस्पां हैं। बांकीपुर भाजपा के लिए पार्टी के तौर पर तो प्रतिष्ठा का सवाल थी ही, क्योंकि बिहार में सम्राट चौधरी को भाजपा ने मु यमंत्री बनाया, पहली बार सत्ता पर सीधे भाजपा की पकड़ बनी। इसके लिए नीतीश कुमार से वादाखिलाफी करके उन्हें मु यमंत्री की कुर्सी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया और 20 सालों की उनकी सत्ता का हासिल आखिर में राज्यसभा सीट बना दिया गया। सम्राट चौधरी के मु यमंत्री रहते पहली बार उपचुनाव हुए और उसमें बड़ी हार मिली तो यह निश्चित तौर पर भाजपा के लिए झटका है, लेकिन उससे बड़ा झटका यह है कि बांकीपुर सीट नितिन नबीन के राज्यसभा में जाने के कारण खाली हुई थी। भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन को विधानसभा छोड़कर राज्यसभा में जाने कहा गया और अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के बावजूद उन्हें भाजपा के असली आकाओं का यह फरमान मानना पड़ा। नरेन्द्र मोदी ने नितिन नबीन को अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें अपना बॉस बताया था। लेकिन बॉस की सीट बचाने की कोई कोशिश न नरेन्द्र मोदी ने की, न अमित शाह ने की, तो यह संशय उपजता है कि आखिर इनकी पॉलिटिक्स क्या है। क्या जानबूझकर नितिन नबीन की पारंपरिक सीट को हारा गया है, क्योंकि बांकीपुर की सोशल इंजीनियरिंग भी भाजपा के ही फायदे की ही है। यहां सवर्ण मतदाताओं की सं या अल्पसं यकों और पिछड़ों से ज्यादा है। जुलाई महीने में नितिन नबीन चार-चार बार बांकीपुर आए, ताकि प्रचार अच्छे से हो सके। लेकिन इससे पहले इस सीट पर नामांकन से ठीक पहले भाजपा के प्रत्याशी बने अभिषेक बंटी ने नाम वापस लिया और फिर उनकी जगह नीरज सिन्हा को उ मीदवार बनाया गया। हालांकि प्रत्याशी के नाम से ज्यादा नितिन नबीन के नाम पर चुनाव लड़ा गया, क्योंकि पहले पांच बार नितिन नबीन और उससे पहले चार बार उनके पिता इस सीट से विधायक बनते रहे। 30 सालों तक बांकीपुर सीट भाजपा के पास रही और अब जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर के पास चली गई है। चुनावी रणनीति बनाते-बनाते प्रशांत किशोर इस बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनसुराज पार्टी बनाकर खुद चुनावी राजनीति में आ गए थे। उन्होंने खुद किसी सीट पर चुनाव नहीं लड़ा था, लेकिन उनके प्रत्याशी जितनी सीटों पर खड़े हुए, सब जगह उन्हें हार मिली थी। मगर अब बिहार विधानसभा में एक विधायक जनसुराज पार्टी का भी रहेगा। देखना ये है कि प्रशांत किशोर भाजपा की आवाज मजबूत करते दिखेंगे या विपक्ष की। क्योंकि उन्होंने इस जीत के बाद कहा है कि %यह विधायक बनाने का उपचुनाव नहीं है। बल्कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को संदेश देने का चुनाव है कि बिहार में किसी अच्छे व्यक्ति को मु यमंत्री बनाइए। किसी अपराधी या गलत चरित्र वाले नेता को मु यमंत्री मत बनाइए।'

किस मजूबरी ने मोदी को ट्रंप-नेतन्याहू का पिछलग्गू बनाया?

अनिल जैन

भारत और ईरान के बीच बहुत घनिष्ठ व्यापारिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। भारत अपनी जरूरत का 15 फीसदी तेल ईरान से आयात करता था, वह भी बेहद वाजिब दाम पर लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत को तेल का आयात बंद करना पड़ा। भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार पोर्ट का मामला भी ताजा ही है। भारत की आजादी के आठ दशक में यह पहला मौका है जब उसके एक बेहद भरोसेमंद और मददगार मित्र देश पर दुनिया के दो शक्तिशाली देशों ने अपने निहित स्वार्थों के चलते हमला कर दिया है। इसमें उसके सर्वोच्च नेता की मौत हो गई है और भारत सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उसने न तो हमले की निंदा की है और न ही मित्र देश के सर्वोच्च नेता की मौत पर शोक जताने का राजनयिक शिष्टाचार निभाया है। यह स्थिति तब है जब भारत में एक ऐसी पार्टी की सरकार है जो अपने को भारतीय संस्कृति और परंपरा की एकमात्र वाहक और भारत को विश्वगुरू मानती है। भारतीय संस्कृति और परंपरा हमें सिखाती है कि हम किसी के सुख में भले ही शरीक न हों लेकिन दुख या संकट की घड़ी में जरूर उसके साथ खड़े होना चाहिए।

ईरान पर अमेरिका और इज़राइल के निर्मम हमले और उसमें ईरान के वयोवृद्ध सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के मारे जाने पर भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी बेहद शर्मनाक है। इस चुप्पी से मोदी देश में इस्लामोफोबिया से ग्रस्त अपने समर्थक वर्ग की निगाहों में भले ही और ऊंचे चढ़ जाएं, लेकिन उनका यह रवैया दुनिया भर में भारत को शर्मसार कराने वाला है। यह भी कम शर्मनाक नहीं है कि ईरान पर हमले से दो दिन पहले ही मोदी ने इज़राइल की यात्रा की। इज़राइल ने मोदी को ऐसे समय में अपने यहां आमंत्रित किया जब वह अमेरिका के साथ मिलकर ईरान पर हमले की योजना बना चुका था।

कहने को तो इज़राइल ने मोदी को %स्पीकर ऑफ द कनेसेट मेडल% स्वीकार करने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन हकीकत यह है कि इज़राइल के प्रधानमंत्री बिन्यामीन नेतन्याहू ने मोदी की यात्रा का इस्तेमाल हमले की तैयारी पर पर्दा डालने के लिए किया। उन्हें सर्वोच्च संसदीय स मान देना तो महज एक बहाना था। दिलचस्प बात यह भी है कि यह स मान मोदी से पहले किसी को भी नहीं दिया गया। इसे वैसा ही स मान कहा जा सकता है जैसे 2019 में मोदी को किसी ने %फिलिप कोटलर प्रेसिडेंशल अवॉर्ड% दिया था, जिस पर मोदी की जगहंसाई हुई थी। वह अवॉर्ड भी न तो मोदी से पहले किसी को दिया गया था और न ही उनके बाद किसी को दिया गया।

बहरहाल ईरान पर हमले की तैयारी के बीच मोदी की इस यात्रा से साबित हुआ कि भारतीय विदेश नीति पूरी तरह दिशाहीन हो चुकी है। मोदी और उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों को लेकर पूरी तरह बेखबर और बेसुध है और भारतीय खुफ़िया तंत्र पूरी तरह नाकारा। पिछले 12 वर्षों के दौरान मोदी ने विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से गले मिलने, उनसे लिपटने और उनके साथ बात-बेबात ठहाके लगाने को ही सफल कूटनीति माना है। इस इज़राइल यात्रा के दौरान भी उन्होंने यही किया। वे इज़राइल पहुंचने पर भी मेजबान नेतन्याहू से गले मिले और वहां से लौटते वक्त तो वे नेतन्याहू से लिपटकर इस तरह सिसक रहे थे जैसे बेटी ससुराल जाने से पहले अपने पिता से लिपट कर रोती है। रही बात खुफ़िया तंत्र की, तो उसका नाकारापन पुलवामा, पठानकोट, पहलगाम आदि में हुए भीषण आतंकवादी हमलों के अलावा भी कई मामलों में जाहिर हो चुका है।

लोकतांत्रिक देशों में सरकारें बदलती रहती हैं। जो नई सरकारें आती हैं, वे अपने हिसाब से बहुत कुछ बदलाव करती हैं लेकिन देश की विदेश नीति की निरंतरता कमोबेश बनी रहती हैं। हालांकि कोई भी देश तात्कालिक परिस्थितियों के हिसाब से जरूरी होने पर अपनी विदेश नीति में बदलाव भी करता है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से नए अंतरराष्ट्रीय दोस्त बनाता है और किसी पुराने मित्र देश से धीरे-धीरे किनारा भी कर लेता है। मगर अपने हितों को गहरे तक प्रभावित करने वाले किसी अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम से बेखबर नहीं रह सकता, खास कर भारत जैसा देश; और वह भी ईरान जैसे भरोसेमंद दोस्त को लेकर। ईरान कोई सुदूरवर्ती छोटा-मोटा देश नहीं है। वह भौगोलिक रूप से तो नहीं, फिर भी एक तरह से भारत का पड़ोसी है। उससे भारत के रिश्ते भी कोई बीस-पच्चीस साल नहीं, बल्कि सदियों पुराने रहे हैं। खुद मोदी ने 2016 में अपनी ईरान यात्रा के दौरान अयातुल्लाह खामेनेई को करीब 1300 साल पुरानी यानी सातवीं सदी में कुफिक लिपि में लिखी हुई कुरआन शरीफ की दुर्लभ पांडुलिपि उपहार के तौर पर भेंट की थी और कहा था कि, %ईरान से भारत के रिश्ते उतने ही पुराने हैं, जितना पुराना दुनिया का इतिहास है।% यही नहीं, दो साल पहले ईरान के राष्ट्रपति की मौत पर भारत सरकार ने राजकीय शोक भी घोषित किया था। भारत और ईरान के बीच बहुत घनिष्ठ व्यापारिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। भारत अपनी जरूरत का 15 फीसदी तेल ईरान से आयात करता था, वह भी बेहद वाजिब दाम पर लेकिन अमेरिका के दबाव में भारत को तेल का आयात बंद करना पड़ा। भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण चाबहार पोर्ट का मामला भी ताजा ही है। वही चाबहार पोर्ट जिसके लिए ईरान से समझौता होने को प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान अपने एक भक्त टीवी चैनल के कीर्तनकारों के सामने बैठ कर डींग हांकते हुए अपना %कूटनीतिक कौशल% बताया था। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार कोई भी फैसला इस आधार पर नहीं लेती कि कोई तीसरा देश क्या सोचेगा। भारत उस परियोजना पर लगभग 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर चुका था लेकिन दो महीने पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के धमकी भरे दबाव में उस महत्वाकांक्षी परियोजना से भारत को अलग होना पड़ा। ज़्यादा जानें ई-पेपर सदस्यता समाचार वेबसाइट विज्ञापन समाचार पत्र विज्ञापन ईरान ने कई महत्वपूर्ण और नाजुक मौकों पर दुनिया के शक्तिशाली देशों के विरोध को दरकिनार करते हुए भी भारत की मदद की है, जिसके किस्से इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। ऐसे किस्सों में उल्लेखनीय किस्सा 1990 के दशक के शुरुआती सालों का है जब कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच हालात बेहद तनावपूर्ण थे। पाकिस्तान ने इस मसले पर मुस्लिम देशों के संगठन इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) में भारत के खिलाफ प्रस्ताव सर्वस मति से पारित कराने के लिए अभियान छेड़ रखा था। हुर्रियत कांफ्रेन्स के कुछ नेताओं ने नई दिल्ली में ईरानी राजदूत से भी मुलाकात कर समर्थन मांगा था। तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने महसूस कर लिया था कि यदि ओआईसी में कश्मीर पर भारत के खिलाफ प्रस्ताव पारित हो गया तो भारत के लिए कितनी मुश्किलें खड़ी हो जाएंगी। दरअसल पाकिस्तान और आईओसी के कई सदस्य देशों ने भारत के खिलाफ़ ऐसा चक्रव्यूह रचा था, जिसमें कश्मीर मुद्दे के बहाने पश्चिमी देश भारत पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हो गए थे। उस समय विदेश मंत्री दिनेश सिंह बीमार होने की वजह से अस्पताल में भर्ती थे लेकिन हालात की नज़ाकत को भांपते हुए उन्होंने बीमारी की हालत में ही व्हील चेयर पर विशेष विमान से तेहरान की आपातकालीन यात्रा की थी। उनकी वह यात्रा बेहद गोपनीय रखी गई थी और वे प्रधानमंत्री नरसिंह राव का एक व्यक्तिगत संदेश लेकर गए थे। तेहरान में उन्होंने अपने ईरानी समकक्ष और राष्ट्रपति अली अकबर हाशमी रफसंजानी से मुलाकात कर भारत का पक्ष विस्तार से रखा। उसके बाद ईरान ने अपने रुख पर पुनर्विचार कर पाकिस्तान के प्रस्ताव को समर्थन देने से अपने हाथ खींच लिए। ईरान के इस रुख से आईओसी में भारत के खिलाफ प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी थी और उसने तिलमिला कर ईरान को %धोखेबाज% तक कह दिया था। अपने मिशन में कामयाब रहे दिनेश सिंह को किसी ने %जे स बांड% या उनकी यात्रा को किसी ने %मास्टर स्ट्रोक% या नरसिंह राव को किसी ने %विश्वगुरू% नहीं कहा। ऐसी मूर्खतापूर्ण उपमाएं देने की जरुरत भी नहीं थी। ज़्यादा जानें तकनीकी समाचार बुलेटिन मनोरंजन उद्योग रिपोर्ट ताज़ा ख़बरें सूचना अब सवाल है कि आखिर ऐसे भरोसेमंद दोस्त देश को लेकर अचानक ऐसा क्या हो गया कि मोदी ने खुद को और देश को भी शर्मसार कराने वाली खामोशी ओढ़ ली है। देश ही नहीं, दुनिया भर को पता है कि जिन-जिन देशों के नेता दुर्दांत यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से किसी न किसी रूप में जुड़े रहे हैं, वे ही सारे देश आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले का समर्थन कर रहे हैं या खामोश बने हुए हैं। दुर्भाग्य से भारत को भी ऐसे ही देशों में शुमार किया जा रहा है।

किसान यूनियन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे

जग मोहन ठाकन

एसकेएम नेता और ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा, %अमेरिका के साथ तथाकथित समझौता असल में देश के हितों, उसकी स प्रभुता, ज़रूरी कृषि क्षेत्र और कई तरह के औद्योगिक सामान को खुलेआम बेचना है। भारत आयात टैरिफ को शून्य कर देगा, जबकि अमेरिका भारतीय सामानों के अमेरिका को निर्यात पर 18प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारतीय किसान यूनियन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने के लिए कमर कस रहे हैं। मु य किसान यूनियनों ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले बैठक की और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ पूरे भारत में एक साथ लगातार संघर्ष की योजना बनाई, जिसमें दूसरे ज़रूरी मुद्दे भी शामिल थे।

एसकेएम नेता और ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा, अमेरिका के साथ तथाकथित समझौता असल में देश के हितों, उसकी स प्रभुता, ज़रूरी कृषि क्षेत्र और कई तरह के औद्योगिक सामान को खुलेआम बेचना है। भारत आयात टैरिफ को शून्य कर देगा, जबकि अमेरिका भारतीय सामानों के अमेरिका को निर्यात पर 18प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रंप के टैरिफ को गैर-संवैधानिक ठहराए जाने के बाद भी, भारत ने एकतरफ़ा फ्री ट्रेड घोषणा के खिलाफ अपनी बात नहीं रखी है। अब भारत को इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहिए और इसके बजाय वैश्विक दक्षिण के दूसरे विकासशील देशों और ब्रिक्स, शंघाई कोऑपरेशन आदि जैसे गुटों के साथ मिलकर विकसित देशों के साथ बातचीत करनी चाहिए, जैसा कि पिछले ह ते नई दिल्ली में ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने सही सुझाव दिया था।

कुरुक्षेत्र में हुई एसकेएम की बैठक में इस समझौते के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताते हुए, डॉ. इंद्रजीत ने बताया, %एसकेएम की राष्ट्रीय परिषद बैठक में यह तय किया गया है कि जब तक सभी बड़ी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करना, बिजली विधेयक, बीज विधेयक, चारों श्रम संहिताएं, जी राम जी अधिनियम,सी2+50प्रतिशत की दर पर एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी, कर्ज माफी और एलएआरआर अधिनियम 2013 को लागू करने की मु य मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक मजदूरों के साथ मिलकर स्वतंत्र संघर्षों के साथ एकजुट संघर्षों को तेज किया जाएगा। एसकेएम केन्द्रीय श्रम संगठनों के प्लेटफॉर्म और खेती-बाड़ी करने वाले मजदूर यूनियनों के साथ समन्वय बैठक करेगा और एकजुट संघर्षों की आखिरी योजना तय करेगी।'

इस बैठक में एसकेएम ने तय किया कि किसानों का संगठन 9 मार्च तक जनसभाओं के ज़रिए गांवों तक संघर्ष को ले जाएगा, जिसमें भारत के राष्ट्रपति से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को हटाने, प्रधानमंत्री को देश विरोधी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करने का निर्देश देने और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गेहूं और धान उपजाने वाले किसानों को बोनस खत्म करने का अर्ध-सरकारी पत्र वापस लेने का निर्देश देने की मांग की जाएगी। किसान भारत के राष्ट्रपति को ऐसे खुले खत भेजने के लिए पोस्ट ऑफिस तक जुलूस निकालेंगे। बैठक में उन गांवों में अभियान चलाने का फैसला किया गया जहां सेब, सोयाबीन, कपास, मक्का वगैरह जैसी प्रभावित हुई फसलें उगाई जाती हैं।

एसकेएम के प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने राज्यों के मु यमंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से मिलेंगे और मांग करेंगे कि वे मोदी सरकार द्वारा बिजली के केन्द्रीकरण का विरोध करें और राज्यों के गणराज्यीय अधिकारों की रक्षा करें, संसद से राज्यों की कर लगाने की शक्ति को वापस लाने के लिए जीएसटी कानून में बदलाव करने की अपील करें, सेस और सरचार्ज सहित विभाज्य पूल में मौजूदा 33प्रतिशत के बजाय राज्यों को 60प्रतिशत हिस्सा दें। बैठक में श्रम संगठनों और खेती-बाड़ी के मजदूरों के प्लेटफॉर्म के साथ संसद के अगले सत्र के पहले दिन 9 मार्च को जंतर-मंतर पर एक मजदूर-किसान संसद आयोजित करने का फैसला किया गया। ज़्यादा जानें शीर्षक खोज उपकरण चुनावी जागरूकता अभियान विदेश समाचार सेवा एसकेएम की बैठक में पंजाब, हरियाणा, ज मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र और केरल समेत 9 राज्यों के 150 लोग शामिल हुए। बैठक में सभी राज्य के समन्वय समितियों से कहा गया कि वे 10 मार्च को बरनाला, पंजाब से शुरू होकर 13 अप्रैल जलियांवाला बाग दिवस तक पूरे भारत में महापंचायतें करें। इन महापंचायतों में हज़ारों किसान इकट्ठा होंगे और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और मोदी सरकार की दूसरी कॉर्पोरेट-समर्थक नीतियों के खतरों के बारे में बताएंगे और भविष्य में लंबे संघर्ष की तैयारी करेंगे। एसकेएम के एक बयान में बताया गया है कि 23 मार्च शहीद दिवस को पूरे भारत में औपनिवेशिक विरोधी दिवस के तौर पर मनाया जाएगा, जिसकी विस्तृत योजना राज्य स्तर पर बनाई जाएगी। बैठक में पंजाब, ओडिशा और महाराष्ट्र में किसानों के आंदोलनों पर पुलिस के जुल्म की निंदा करने का एक प्रस्ताव भी पास किया गया। सात सदस्यों वाले अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जोगिंदर सिंह उगराहां, राकेश टिकैत, डॉ. अशोक धावले, आशीष मित्तल, जगमोहन सिंह, राजन क्षीरसागर और जोगिंदर सिंह नैन शामिल थे। इस बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा नॉन-पॉलिटिकल (इंडिया) के भेजे गए पत्र पर चर्चा की गई और उनसे बातचीत करने के लिए जोगिंदर सिंह उगराहां, युद्धवीर सिंह, पी कृष्णप्रसाद, रमिंदर सिंह पटियाला और बलदेव सिंह निहालगढ़ की पांच सदस्यों वाली कमेटी बनाने का फैसला किया गया। यह भी तय किया गया कि एमएसपी और उससे जुड़े मुद्दों पर किसानों की मांगों पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई कमेटी से मिलने के लिए 15 सदस्यों वाली कमेटी बनाई जाएगी।

एसकेएम के दिशानिर्देश के मुताबिक, ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) की हरियाणा राज्य कमेटी ने राष्ट्रीय परिषद द्वारा दिए गए संघर्षों के आह्वान का समर्थन किया है। संयुक्त किसान मोर्चा की मंगलवार को कुरुक्षेत्र में बैठक हुई। मास्टर बलबीर सिंह की अध्यक्षता में, 26 फरवरी को हुई राज्य स्तरीय बैठक में सभी पदाधिकारी और ज़िले के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अमेरिका के साथ एकतरफ़ा और किसान विरोधी व्यापार समझौता कैसे पहले से ही मुश्किल में फंसे किसानों के लिए नुकसानदायक है, क्योंकि अमेरिका ने इस असमान समझौते के तहत भारत के बड़े बाज़ार को भर दिया है। जिन दूसरे मुद्दों की सबसे ज़्यादा आलोचना हुई, उनमें बाढ़ से फ़सलों को हुए नुकसान का सही मुआवज़ा न देने के मामले में हरियाणा सरकार का धोखेबाज़ रवैया, प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनियों के भ्रष्टाचार के घोटालों को बचाना और धान खरीद के घोटालों में कोई कार्रवाई न करना शामिल है। एसकेएम के साथ एक जैसा रवैया दिखाते हुए, किसान सभा के कार्यकर्ता 9 मार्च से पहले पूरे राज्य में किसानों से संपर्क करेंगे ताकि उन्हें आयात टैरिफ़ खत्म करके मुक्त व्यापार समझौते से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जा सके। इस समानान्तर सत्र में भारत के राष्ट्रपति से प्रधानमंत्री को देश विरोधी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करने, बिजली संशोधन विधेयक, बीज विधेयक, श्रम संहिताओं को वापस लेने और मनरेगा को फिर से लागू करने का निर्देश देने की मांग की जाएगी। यद्यपि एसकेएम ने श्रम संगठनों और खेतीहर मज़दूरों के प्लेटफॉर्म के साथ संसद के अगले सत्र के पहले दिन 9 मार्च को जंतर-मंतर पर मज़दूर-किसान संसद आयोजित करने का फैसला किया है, सवाल बना हुआ है कि क्या वे दिल्ली में घुसने में कामयाब होंगे? क्या भाजपा की केंद्र सरकार, जिसने तीन खेती-बाड़ी के बिलों के खिलाफ़ किसानों के आंदोलन के दौरान 13 महीने तक किसानों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लगाई थी, किसानों को ऐसा करने देगी? क्या यह फिर से किसानों और सरकार के बीच एक और रस्साकशी होगी?

विविध समाचार

मानसा में दिल दहला देने वाली घटना : 3 मासूम बच्चों की मौत के बाद महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

मानसा। पंजाब के मानसा जिले से एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। शहर के वार्ड नंबर–3 में एक महिला और उसके तीन नाबालिग बच्चों के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला ने पहले अपने तीनों बच्चों की हत्या की और बाद में खुद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, महिला के पति का करीब चार वर्ष पहले निधन हो चुका था। इसके बाद वह अपनी सास और तीन बच्चों के साथ किराये के मकान में रह रही थी। मृतकों में दो बेटियां और करीब डेढ़ साल का एक बेटा शामिल है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही थाना सिटी–2 की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में आशंका है कि बच्चों को पहले किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कराया गया और बाद में उनकी गला दबाकर हत्या की गई। इसके बाद महिला ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगी। जांच अधिकारी कुलवंत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है। परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया गया है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके। फिलहाल इस सामूहिक मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक जांच और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सकेगी।

पलवल पत्रकार प्रकरण : एमडब्ल्यूबी का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव और एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर से मिला

चंडीगढ़। मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) के उत्तर भारत अध्यक्ष चंद्र शेखर धरणी के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रेय तथा हरियाणा के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) संजय कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पलवल के जिला लोक संपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) पर संगठन के पलवल जिलाध्यक्ष गुरुदत्त गर्ग एवं अन्य पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार, अभद्रता तथा पत्रकारिता कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोपों को गंभीर बताते हुए मामले में निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ इस प्रकार का व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा प्रेस की गरिमा के विपरीत है। संगठन ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त किए जाने की भी मांग उठाई। मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रेय ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनते हुए तत्काल डीजीआईपीआर हरियाणा से चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार सदैव पत्रकारों के सम्मान और प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति प्रतिबद्ध रही है।उन्होंने कहा कि गुरुदत्त गर्ग से जुड़े मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर सरकार और संबंधित विभाग नियमानुसार उचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री स्वयं मीडिया की स्वतंत्रता के पक्षधर हैं और पत्रकारों के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। हरियाणा के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) संजय कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष एवं ईमानदारी से जांच करेगी। उन्होंने कहा कि शिकायत के प्रत्येक पहलू की जांच कर कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि संगठन के पलवल जिलाध्यक्ष गुरुदत्त गर्ग की ओर से इस मामले में एसपी पलवल कार्यालय में लिखित शिकायत दी जा चुकी है। शिकायत पुलिस बुक संख्या 419 में प्राप्ति रसीद संख्या 75, दिनांक 2 जुलाई 2026 के तहत दर्ज की गई है। संगठन के कोषाध्यक्ष तरुण कपूर ने कहा कि मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पत्रकार को वीडियो रिकॉर्डिंग से रोका गया, कैमरे पर हाथ मारा गया अथवा अभद्र व्यवहार किया गया, तो यह केवल एक पत्रकार के अधिकारों का उल्लंघन नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रेस की स्वतंत्रता पर भी सीधा आघात है। उन्होंने कहा कि जिला लोक संपर्क अधिकारी का दायित्व सरकार और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा पत्रकारों को सहयोग प्रदान करना है। यदि इसी पद पर बैठा अधिकारी पत्रकारों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है तो इससे न केवल पत्रकारों की भावनाएं आहत होती हैं बल्कि सरकार की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तरुण कपूर ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और मीडिया के बीच विश्वास एवं संवाद का वातावरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही पलवल का दौरा करेगा। जिला इकाई द्वारा लोकतांत्रिक एवं वैधानिक रूप से लिए जाने वाले प्रत्येक निर्णय का संगठन पूर्ण समर्थन करेगा तथा पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूती से उनके साथ खड़ा रहेगा। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री, डीजीआईपीआर तथा संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद पत्रकारों की शिकायतों पर न्यायोचित कार्रवाई होगी। साथ ही भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि वह पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं करेगी।

कांग्रेस हाईकमान द्वारा राजा वड़िंग को दोबारा पंजाब अध्यक्ष बनाए जाने का फैसला दलित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला : जोगिंदर सिंह मान

चंडीगढ़। पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह मान ने पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि कांग्रेस हाईकमान द्वारा अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को दोबारा पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने का फैसला दलित समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस निर्णय से कांग्रेस ने दलित समुदाय के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। जोगिंदर सिंह मान ने कहा कि राजा वड़िंग द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ दलित नेता सरदार बूटा सिंह के संबंध में की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को दलित समाज आज तक नहीं भूला है। उन्होंने कहा कि सरदार बूटा सिंह ने देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया था और उनके प्रति की गई किसी भी तरह की टिप्पणी दलित समुदाय की भावनाओं को आहत करती है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह ऐसे बयानों से सहमत है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और सांसद चरणजीत सिंह चन्नी, सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा से इस मुद्दे पर अपना रुख सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करने की मांग की। मान ने कहा कि पंजाब के दलित समाज को यह जानने का अधिकार है कि कांग्रेस के बड़े नेता राजा वड़िंग की उस टिप्पणी पर क्या सोच रखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन उसके फैसले कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। मान ने कहा कि यदि कांग्रेस वास्तव में दलित समाज का सम्मान करती है तो उसे इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और दलित समुदाय की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। जोगिंदर सिंह मान के इस बयान के बाद पंजाब की सियासत में एक बार फिर दलित राजनीति और कांग्रेस नेतृत्व को लेकर बहस तेज होने की संभावना है।

पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब के साथ की गई तोड़फोड़ अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण : विजय सांपला

होशियारपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय सांपला ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मंडी चूहड़काणा (फारूकाबाद) स्थित लगभग 125 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साहिब के साथ की गई तोड़फोड़ की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह केवल एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल पर हमला नहीं, बल्कि सिख समुदाय की आस्था, इतिहास और अमूल्य विरासत पर सीधा प्रहार है। सांपला ने कहा कि पाकिस्तान में सिखों सहित अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर लंबे समय से गंभीर चिंताएँ व्यक्त की जाती रही हैं। समय–समय पर मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमलों, धार्मिक स्थलों पर अवैध कब्जों, अल्पसंख्यक समुदायों के साथ भेदभाव तथा हिंदू और सिख समुदायों से संबंधित महिलाओं एवं नाबालिग लड़कियों के कथित जबरन धर्म परिवर्तन और विवाह जैसी घटनाओं की रिपोर्टें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लगातार चिंता का विषय रही हैं। ये घटनाएँ इस बात का संकेत देती हैं कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों तथा उनकी धार्मिक विरासत की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष है। यदि ऐतिहासिक और पवित्र धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं रह सकते, तो यह धार्मिक स्वतंत्रता, कानून के शासन और अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान पाकिस्तान में अनेक मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़े विवादों तथा अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा को लेकर लगातार प्रश्न उठते रहे हैं। ऐसे हालात में पाकिस्तान सरकार की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह केवल आश्वासनों तक सीमित न रहे, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं उदाहरणात्मक कार्रवाई कर यह विश्वास बहाल करे कि प्रत्येक धार्मिक स्थल और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मेरे मां-बाप ने मुझे झूठ बोलना नहीं सिखाया, अगर सिखाया होता तो आज बहुत बड़ा लीडर होता : अनिल विज

चंडीगढ। हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को एक बार फिर अपने बेबाक, स्पष्टवादी और जनसंपर्क के अनोखे अंदाज से सबको चौंका दिया। उस समय हजारों बिजली कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उनके आवास का घेराव करने के लिए अंबाला कैंट की ओर बढ़ रहे थे। कर्मचारी सरकार और मंत्री के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। इसी बीच अनिल विज अपने भाई राजेंद्र विज को हृदय संबंधी परेशानी के चलते पीजीआई में भर्ती कराने गए हुए थे। शुक्रवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जैसे ही विज को सूचना मिली कि बिजली कर्मचारी उनके आवास की ओर कूच कर रहे हैं और उनके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अपने भाई को अस्पताल में छोड़कर तत्काल अंबाला कैंट लौटने का निर्णय लिया। सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें प्रदर्शनकारियों की भीड़ में जाने से रोकने का प्रयास किया। उनका मानना था कि विरोध का माहौल है और इतनी बड़ी भीड़ के बीच जाना जोखिम भरा हो सकता है। लेकिन विज ने सुरक्षा कर्मियों की एक नहीं सुनी और कहा, "मैं पब्लिक का बंदा हूं, यह मेरी पब्लिक है।" इसके बाद उन्होंने अपनी गाड़ी बीच रास्ते में रुकवाई और पैदल ही हजारों आंदोलनकारी कर्मचारियों के बीच पहुंच गए। जैसे ही अनिल विज प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे, कुछ क्षणों के लिए पूरा माहौल शांत हो गया। विरोध के स्वर थम गए और वहां सन्नाटा छा गया। विज ने कर्मचारियों से कहा "अब भी लगाओ मुर्दाबाद के नारे। मैंने सारी जिंदगी ऐसे ही काटी है। मेरे मां–बाप ने मुझे कभी झूठ बोलना नहीं सिखाया।

अगर उन्होंने मुझे झूठ बोलना सिखाया होता तो आज मैं बहुत बड़ा लीडर होता।" इसके बाद उन्होंने भावुक अंदाज में कहाकृ "मैं अपने भाई को पीजीआई में भर्ती करवाकर आया हूं, क्योंकि वह भी मेरा भाई है। लेकिन आप भी मेरे भाई हैं। इसलिए मैं आपके बीच आया हूं।" उन्होंने आगे कहा कि, "भाई की हालत देखते हुए मुझे पीजीआई से नहीं आना चाहिए था, लेकिन आप लोग भी किसी उम्मीद से आए हैं। मैं सबकी सुनता हूं। पिछले दिनों भी आपके कुछ साथी मुझसे मिले थे, उनकी बात भी मैंने सुनी थी।" अनिल विज ने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि उनके बड़े भाई के स्वास्थ्य में सुधार होने

और सर्जरी पूरी होने के बाद, लगभग 15द्ध20 दिनों के भीतर वह स्वयं कर्मचारियों को पत्र भेजकर बातचीत के लिए बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सामने बैठाकर मांगपत्र के प्रत्येक बिंदु पर खुली चर्चा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, "जो भी संभव होगा, वह ढंके की चोट पर करेंगे। रिस्क अलाउंस के विषय में भी मैं अधिकारियों को पहले ही निर्देश दे चुका हूं।" विज की साफगोई और सहज व्यवहार ने देखते ही देखते पूरे माहौल को बदल दिया। कुछ ही मिनट पहले तक जो कर्मचारी "अनिल विज मुर्दाबाद" के नारे लगा रहे थे, वही "अनिल विज जिंदाबाद" के नारे लगाने लगे। विरोध का वातावरण संवाद और विश्वास में बदल गया। अनिल विज का यह 'गब्बर स्टाइल' देखकर वहां मौजूद लोग भी हैरान रह गए। जिस स्थान पर भारी विरोध, नारेबाजी और तनावपूर्ण माहौल हो, वहां किसी मंत्री का सुरक्षा घेरे की परवाह किए बिना पैदल प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंच जाना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं था। लेकिन विज ने खतरे की परवाह नहीं की और सीधे कर्मचारियों के बीच जाकर संवाद का रास्ता चुना। शुक्रवार का यह घटनाक्रम हरियाणा की राजनीति में लंबे समय तक चर्चा का विषय रहेगा। एक ओर मंत्री अपने बीमार भाई की चिंता में पीजीआई पहुंचे थे, वहीं दूसरी ओर हजारों नाराज कर्मचारियों के बीच जाकर उन्होंने संवाद, स्पष्टवादिता और भरोसे के बल पर विरोध का माहौल बदल दिया। यह दृश्य अनिल विज की उस राजनीतिक कार्यशैली का उदाहरण बन गया, जिसमें वे टकराव से बचने के बजाय सीधे लोगों के बीच जाकर बात करना अधिक उचित मानते हैं। बेशक इस भीड़ की पटकथा अनिल विज या उनकी सरकार के विरोधियों ने लिखी हो लेकिन अनिल विज तो अनिल विज हैं। जब हजारों की संख्या में कर्मचारी उनके निवास के बाहर बैठने और नारेबाजी करने की सूचना अनिल विज के कानों में पड़ी तो फिर अनिल विज से रहा ना गया। हालांकि वह समय उनके लिए धर्म संकट से भरा था। वह अपने भाई राजेंद्र विज जी की बाईपास सर्जरी के लिए उन्हें पीजीआई भर्ती करवाने के लिए गए हुए थे। लेकिन यह परिस्थितियां भी उन्हें संभालनी थी, सरकार की साख बचाना भी एक प्राथमिकता थी। उन्होंने मौके पर स्वयं जाने के लिए ड्राइवर को बोला तो सिक्योरिटी टीम सकते में आ गई और उन्होंने अनिल विज को रोकने के लाख प्रयास किए। लेकिन अनिल विज ने कहा कि जो नाराज हैं वह भी मेरे भाई हैं। इस भाई को मैं आकर संभाल लूंगा, इतनी चिलचिलाती धूप में खड़े अपने भाइयों को पहले संभाल लूं।

Printed, Published,Edited, & Owned by Prakash Kumar Dhal, Printed at Promodini Publication, Main road , Chhend colony , Rourkela-15 & Published at ECR-73, Chhend Colony, Rourkela-15, Editor : Prakash kumar Dhal, Email:kalingasamachar@gmail.com , Mob: 9439951525, Ph. 0661-2646999

सीएम माझी ने 600 करोड़ रुपये की 109 परियोजनाओं का शुभारंभ किया

बरहामपुर ११/०८ (संवाददाता):: मुज़्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को रायगड़ा जिले के लिए 600 करोड़ रुपये से ज़्यादा की 109 परियोजनाओं का उद्घाटन किया।रायगड़ा शहर में सुभद्रा शक्ति मेले में शामिल होते हुए, माझी ने 238 करोड़ रुपये से ज़्यादा की 22 परियोजनाओं का उद्घाटन किया और 366 करोड़ रुपये से ज़्यादा की 87 अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में सड़कें, पुल, स्वास्थ्य सेवा, स्कूल और महिला सशक्तिकरण जैसी बुनियादी ढांचा विकास के काम शामिल हैं। सभा को संबोधित करते हुए, माझी ने कहा कि जिले के विधायकों और स्थानीय नेताओं की मांगों के अनुसार, रायगड़ा के सभी ज़्लॉकों में जल्द ही इंडोर स्टेडियम पर काम शुरू होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन

प्रणालियों को मजबूत किया जाएगा, जबकि रायगड़ा में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।मुज़्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में, हिंडाल्को 15,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ रायगड़ा में अपने परिचालन का विस्तार करने जा रहा है। जिले में वेदांता एल्युमिना रिफाइनरी और उत्कल एल्युमिना इंटरनेशनल जैसी कई परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। इसके अलावा, रायगड़ा में अन्य क्षेत्रों में और भी उद्योग आएंगे। इन उद्योगों के माध्यम से पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इन उद्योगों में 80 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षित करने के सज़्त निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने आगे कहा कि रायगड़ा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पूरे राज्य के लिए एक उदाहरण बन गया है। जिले में 1.52 लाख से ज़्यादा माताएं और बेटियां 12,783 स॥त्त के माध्यम से संगठित हैं और अपने लिए एक उज्ज्वल भविष्य बना रही हैं।

हाईकोर्ट ने कॉन्ट्रैज़्ट को लेकर राज्य सरकार को फटकार लगाई

कटक ११/०८ (संवाददाता):ओडिशा हाई कोर्ट ने शिवांगी महतो द्वारा दायर एक रिट अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने स्च्ष्टत्त मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, बेरहामपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर (एनेस्थिसियोलॉजी) के पद पर नियुक्ति के लिए अपने दावे को खारिज किए जाने को चुनौती दी थी। कोर्ट ने नियमित भर्ती नियमों से हटकर सरकारी नौकरियों में कॉन्ट्रैज़्ट पर नियुक्तियों की प्रथा की कड़ी निंदा की। जस्टिस दीक्षित कृष्ण श्रीपाद और जस्टिस चिज़्रंजन डैश की डिवीजन बेंच ने रजिस्ट्री को फैसले की कॉपी ओडिशा के मुज़्य सचिव और ओडिशा लोक सेवा आयोग के सचिव को भेजने का निर्देश दिया, और नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। जिसने स्च्ष्टत्त मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल द्वारा कॉन्ट्रैज़्ट के आधार पर पद भरने के लिए 5 नवंबर, 2024 को जारी विज्ञापन के खिलाफ महतो की याचिका को खारिज कर दिया था।

राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा कर्मचारियों को 'आरएसपी गौरव' पुरस्कार प्रदान

राउरकेला ११/०८ (संवाददाता):राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) द्वारा 26 जनवरी 2026 को इस्पात स्टेडियम में आयोजित भव्य गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आरएसपी गौरव पुरस्कार आरएसपी के निदेशक प्रभारी, श्री आलोक वर्मा द्वारा 3 गैर-कार्यपालकों तथा 3 कार्यपालकों को प्रदान किए गए।

गैर-कार्यपालक वर्ग में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालों में क्रमशः अभियांत्रिकी सहायक (कोक ओवन), श्री पुरुषोज़म मेहर, श्री केदार नाथ हुई, कनिष्ठ अभियंता (सिलिकॉन स्टील मिल) तथा कनिष्ठ अभियंता (कोल केमिकल्स), श्री भागीरथी जेना शामिल थे।कार्यपालक वर्ग में वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड सी प्रयोगशाला), सुश्री खुशबू मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान वरिष्ठ प्रबंधक (कॉन्ट्रैज़्ट सेल), सुश्री कविता बिसोई तथा तृतीय स्थान सहायक प्रबंधक (सुरक्षा अभियांत्रिकी), सुश्री प्रज्ञाँ पी नाथ को प्राप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि, 'मेरी आरएसपी- मेरा पहचान' (माई आरएसपीङ्कमाई आइडेंटिटी) एक अनूठी पहल है, जो कर्मचारियों को संगठन का हिस्सा होने के अपने सकारात्मक विचार, भावनाएँ और अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस पहल के अंतर्गत कर्मचारियों को 15 दिनों की अवधि में प्रतिदिन आरएसपी के बारे में कम से कम एक पूर्ण वाज़्य में सकारात्मक विचार लिखना होता है।इस प्रतियोगिता के 7वें संस्करण की शुरुआत 1 जनवरी को हुई और यह 15 जनवरी 2026 तक चली, जिसमें कुल 2972 कर्मचारियों ने आरएसपी पोर्टल के 'एज़्प्लॉई ज़ोन' लिंक अथवा मोबाइल ऐप 'कर्मी-मित्र' के माध्यम से अपनी प्रविष्टियाँ दर्ज कीं।वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति ने ऑनलाइन माध्यम से प्रतिदिन के आधार पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर अंक प्रदान किए।इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों का संगठन से जुड़ाव और मजबूत करना तथा उन्हें कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में विकसित करना है।

चौद्वार जेल में एक कैदी मृत पाया गया, आत्महत्या का शक

कटक ११/०८ (संवाददाता): ओडिशा के कटक जिले की चौद्वार सर्कल जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक कैदी मृत पाया गया, जिससे एक बार फिर सुधार गृह में कैदियों की सुरक्षा और निगरानी पर चिंताएं बढ़ गई हैं। मृतक की पहचान कटक के हातीपोखरी इलाके के रहने वाले एमडी कलीम के रूप में हुई है। जेल अधिकारियों के अनुसार, कलीम शाम करीब 6॰30 बजे जेल परिसर के अंदर एक तौलिए से लटका हुआ मिला। उसे तुरंत एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉज़्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जेल के अंदर लटका हुआ मिला जेल अधिकारियों ने पहली नज़र में इस घटना को आत्महत्या का मामला बताया है। घटना की पुष्टि करते हुए, जेलों की डीआईजी (कटक रेंज) अनुसूया जेना ने कहा कि कैदी ने कथित तौर पर लॉक-अप के समय आत्महत्या कर ली।

हिंसक व्यवहार दिखाने के बाद मेडिकल सलाह पर कैदी को मनोरोग वार्ड में रखा

गया था। बताया जाता है कि उसने आत्महत्या करने के लिए अपने ही तौलिए का इस्तेमाल किया। जेल प्रशासन की ओर से कोई लापरवाही नहीं थी। माना जा रहा है कि उसने अपनी मानसिक स्थिति के कारण यह कदम उठाया, उन्होंने कहा।

मनोरोग वार्ड में भर्ती अधिकारियों ने बताया कि कलीम दिसंबर से चौद्वार सर्कल जेल में बंद था। मेडिकल जांच के बाद, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उसे मनोरोग वार्ड में रखा गया था। सूत्रों ने बताया कि उसे पहले हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरज़्तार किया गया था और मानसिक रूप से अस्थिर घोषित किए जाने के बाद उसे चौद्वार जेल में ट्रांसफर कर दिया गया था।

घटना के बाद, चौद्वार पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने कटक जोन ढ्ढ के एसीपी के साथ जेल परिसर का दौरा किया और कैदी की मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की। इस घटना ने एक बार फिर चौद्वार सर्कल जेल को जांच के दायरे में ला दिया है। यह उसी जेल में एक और कैदी की मौत के ठीक बाद हुआ है, जिसमें खुर्दा जिले के बोलागढ़ इलाके का एक कैदी शामिल था। उस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अभी भी इंतजार है। बार-बार कैदियों की मौत ने निगरानी, सुरक्षा उपायों और निगरानी तंत्र पर गंभीर सवाल उठाए हैं, खासकर मनोरोग वार्ड में रखे गए कैदियों के लिए। हाल के महीनों में, जेल में कैदियों के बीच झड़प, कथित सुरक्षा चूक और जेल अधिकारियों से जुड़े विवादों की घटनाएं भी देखी गई हैं, जिसमें कैदियों के भागने की घटनाओं को लेकर शिकायतें भी शामिल हैं। इस बीच, मृतक कैदी के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या की गई है और उसकी मौत को आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने इस मामले की गहन जांच की मांग की है।

बिजनेसमैन से 6.16 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

कटक ११/०८ (संवाददाता): क्राइम ब्रांच की साइबर क्राइम यूनिट ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के एक व्यक्ति को एक नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के ज़रिए बेरहामपुर के एक बिजनेसमैन से 6.16 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धोखाधड़ी के आरोप में गिरज़्तार किया।

आरोपी की पहचान वेदगिरी श्रीनिवासराव (39) के रूप में हुई है, जो आंध्र प्रदेश के गुंटूर का रहने वाला है। उसे बेरहामपुर की स्ष्ठद्ब्रू कोर्ट में पेश किया गया। पिछले साल इस मामले में एक महिला सहित छह लोगों को गिरज़्तार किया गया था।

साइबर क्राइम पुलिस ने पिछले साल जुलाई में बिजनेसमैन की शिकायत के बाद मामला दर्ज किया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि कुछ धोखेबाजों ने उससे 6.16 करोड़ रुपये से ज़्यादा की ठगी की है।शिकायतकर्ता के अनुसार, संजना श्रीनिवासन नाम की एक महिला ने फेसबुक के ज़रिए उससे संपर्क किया, खुद को ढ्ढक्क्रू हांगकांग में सॉज़्टवेयर डेवलपर बताया और उससे व्हाट्सएप पर बात करने का अनुरोध किया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया, महिला ने बताया कि उसकी ढ्ढक्क्रू टीम ''ढ्ढस्न में डिजिटल करेंसी एज़्सचेंज के लिए एक डेटा सेंटर बना रही है और उसने मुझे ''ढ्ढस्न के साथ एक ट्रेडिंग अकाउंट खोलने और ट्रेडिंग करने के लिए मनाया।

इसके अनुसार, पिछले साल 23 मई से 24 जून के बीच, उसने उसके निर्देशानुसार अलग-अलग खातों में 6,16,37,084 रुपये ट्रांसफर किए। 30 मई को, उसके ट्रेडिंग अकाउंट में स्ष्ठज्ञ 11,292 का नेगेटिव बैलेंस दिखा। जब उसने यह बात संजना को बताई, तो उसने उसे नुकसान की भरपाई के लिए और पैसे लगाने की सलाह दी। इसके बाद उसने ट्रेडिंग जारी रखी और कथित तौर पर उसके अकाउंट में काफी मुनाफा दिखा।

पुरी में अस्तारंगा तट से 10 फुट के मगरमच्छ को सुरक्षित बचाया गया

पुरी ११/०८ (संवाददाता):पुरी ज़िले में अस्तारंगा तट पर दिखे एक बहुत बड़े मगरमच्छ को वन विभाग ने सफलतापूर्वक बचा लिया, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को राहत मिली। तटरेखा पर इस विशाल सरीसृप को देखने के बाद आस-पास के तटीय गांवों में रहने वाले

लोगों के साथ-साथ इलाके में आने वाले पर्यटकों में भी डर का माहौल बन गया था।

घटना के बाद, अस्तारंगा वन रेंज के अधिकारियों ने तुरंत पर्यटकों को चेतावनी जारी की और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तट पर गश्त बढ़ा दी।

लोगों की सुरक्षा को देखते हुए, मगरमच्छ का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए एक विशेष बचाव अभियान शुरू किया गया।

लगातार दो दिनों तक, राजनगर रैपिड रिस्पांस टीम और अस्तारंगा वन रेंज के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने समुद्री रास्तों से मगरमच्छ की गतिविधियों पर बारीकी से नज़र रखी। टीम लगातार अलर्ट पर रही और सरीसृप पर नज़र रखती रही ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे लोगों या जानवर को नुकसान पहुंचाए बिना बचाया जा सके।

बचाव अभियान कल पीर जहानिया समुद्र तट के पास सफलतापूर्वक चलाया गया। जाल का इस्तेमाल करके, वन विभाग की टीम ने लगातार प्रयासों के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। बचाव के बाद, मगरमच्छ को भितरकनिका ले जाया गया, जहाँ वह एक उपयुक्त प्राकृतिक आवास में रहेगा।

वन अधिकारियों ने पुष्टि की कि मगरमच्छ की लंबाई 10 फीट 6 इंच है और यह खारे पानी की मगरमच्छ प्रजाति का है। वन विभाग की समय पर कार्रवाई से तटीय निवासियों में सुरक्षा की भावना बहाल हुई, साथ ही मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से दूसरी जगह पहुँचाना भी सुनिश्चित हुआ।

आरएसपी में आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

राउरकेला ११/०८ (संवाददाता): दक्ष रक्षक पहल के तहत, राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एल एंड डी) विभाग में आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव (ईआरआर) पर 7 वां विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमअग्निशमन सेवा विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

रक्षा करने के लिए प्रशिक्षित, प्रतिक्रिया करने के लिए तैयार विषय के तहत आयोजित, दो दिवसीय कार्यक्रम गैस लाइन रखरखाव, सीमित स्थानों और ऊंचाई से संबंधित काम से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में लगे कर्मचारियों की आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित है। कार्यपालक, गैर-कार्यपालक और अनुबंध कर्मचारियों सहित कुल 50

कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रशिक्षण में आग की रोकथाम और अग्निशमन के आवश्यक पहलुओं, गैस लाइन रखरखाव से जुड़े ख़तरों, सीमित-अंतरिक्ष संचालन और ऊंचाई पर काम करने से जुड़े खतरों के साथ-साथ कार्बन मोनोऑज़्साइड, ऑज़्सीजन और विस्फोटक गैस मॉनीटर सहित स्व-निहित श्वास उपकरण (एससीबीए), एयरलाइन उपकरण और गैस मॉनीटर के उपयोग को शामिल किया गया।

प्रतिभागियों ने प्राथमिक चिकित्सा अग्निशमन उपकरण, फायर हाइड्रेंट, फायर होसेस और नोज़ल के उपयोग में व्यापक प्रैज़्टिकल प्रशिक्षण भी लिया। कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन (सीपीआर), पीड़ित को संभालने के तरीकों, स्ट्रेचर हैंडलिंग, रस्सी और बचाव तकनीकों, सीढ़ी संचालन, डमी बचाव और ऊंचाई से बचाव पर व्यावहारिक सत्र भी आयोजित किए गए थे।

इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को आरएसपी में ऑन-साइट आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली और मॉक ड्रिल प्रक्रियाओं से परिचित कराया।

समापन सत्र में एक अग्नि सुरक्षा प्रश्नोज़्ारी, प्रतिक्रिया और प्रतिभागियों के साथ एक इंटरैज़्टिव सत्र शामिल था।

इस सत्र के दौरान महाप्रबंधक (अग्निशमन सेवाएँ), श्री पी. एस. ठाकरे और सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन- ज्ञानार्जन एवं बिकास), सुश्री सुश्रीता दास मौजूद थे। कार्यक्रम का समन्वय उप प्रबंधक (अग्नि सेवा), श्री एस. बी. साहू ने किया।